(ग) ऐसी घटनाओं की आवृत्ति से बचने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) और (ख) चार व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में मारे गये थे और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत उनके निकट संबंधी, प्रति-पूर्ति के लिए पात्र हैं।

(ग) प्रारम्भिक सूचना के अनुसार यह दुर्घटना ब्रेक फेल हो जाने के कारण हुई। सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार को ये अनुदेश जारी किए हैं कि वाहनों के फिटनैस-प्रमाणपत्र के नवीकरण के समय वे ब्रेक-प्रणाली की जांच के बारे में अत्यधिक सतर्क रहें। सरकार ने केन्द्रीय मोटर वाहन नियमावली 1989 में भी इस आशय का यथा व्यक्त प्रावधान कर दिया है कि मोटर वाहन निर्माताओं को इस संबंध में व्यादेश दिए जा सके कि वे स्वतन्त्र तथा कुशल ब्रेकिंग प्रणाली उपलब्ध करवाएं, जो बी आई एस मानकों के अनुरूप हो।

दिल्ली में दुर्घटनायें

1869. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ सीम अफजल : क्या जल भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जून, 1992 से 31 मार्च, 1993 तक की अवधि में दिल्ली में कुल कितनी बस दुर्घटनाएं हुई ;

(ख) इन दुर्घटनाओं में कितने व्यक्ति मारे गए ; और

(ग) इनमें से कितनी दुर्घटनाएं रेड-लाइन बसों से तथा कितनी दिल्ली परिवहन निगम की बसों से हुई ?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) 1470

(ख) 396 व्यक्ति ।

(ग) दिल्ली परिवहन निगम		रेड लाईन बसें	
दुर्घटनाओं की संख्या	मारे गए व्यक्तियों की संख्या	दुर्घटनाओं की संख्या	मारे गये व्यक्तियों की संख्या
409	115	83	27

Upgradation of National Highways in Andhra Pradesh

1S70. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased t_0 state:

(a) what are the proposals from Andhra Pradesh that are pending for upgradation of State Highways into National Highways;

(b) since, how long they are pending; and

(c) at what stage of consideration are they, the details?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER); (a) to (c) Government of Andhra Pradesh have projected 9 proposals in Februaryj 1992 for declaration of new National Highways during the 8th Plan. Out of these proposals, Kumool-Chittoov Road has been declared as a National Highway in January, 1993. Due to limited allocation made available National Highways in the 8th Plan, it is difficult at this stage to declare more new National Highways in various States including Andhra Pradesh.